# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**केमाशिबो/शैक्ष./संस(प्रमसिं)/2023** **दिनांक : 13.02.2023**

**परिपत्र संख्या: शैक्षणिक-25/2023**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: प्रधानाचार्यों /शिक्षकों की प्रतिक्रिया हेतु कक्षा XI-XII हेतु केमाशिबो के अधिगम रुपरेखा प्रारूप (ड्राफ्ट लर्निंग फ्रेमवर्क) का लोकार्पण**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, यह महत्वपूर्ण है कि बच्चे न केवल सीखें, बल्कि इससे भी अधिक यह महत्वपूर्ण है कि यह सीखें कि कैसे सीखना है। यह नीति, सीखने के प्रतिफलों की उपलब्धि की कमियों को दूर करने के लिए, योग्यता-आधारित शिक्षा (सीबीई) को बढ़ावा देने की अनुशंसा करती है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (केमाशिबो) ने बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में योग्यता आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

इस दिशा में केमाशिबो- सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन असेसमेंट (केमाशिबो-सीईए) के सहयोग से एजुकेशन इनिशिएटिव (ईआई), ने कक्षा XI और XII के 12 विषयों - अंग्रेजी, हिंदी, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, लेखा, व्यवसाय अध्ययन और कंप्यूटर विज्ञान हेतु अधिगम रुपरेखा का प्रारूप तैयार किया है।

**अधिगम रूपरेखा** में स्पष्ट रूप से वर्णित ज्ञान, कौशल और प्रवृत्ति सम्मिलित हैं जिन्हें एक शिक्षा प्रणाली को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। ये रूपरेखाएँ, शिक्षकों, शिक्षार्थियों और अन्य हितधारकों के मध्य एक सार्वभौमिक रूप से साझा समझ विकसित करने में सहायता करेंगी, और सम्पूर्ण देश में स्थित केमाशिबो विद्यालयों में शिक्षण, सीखने और मूल्यांकन के लिए एक मानदंड के रूप में कार्य करेंगी।

**ये रूपरेखाएँ संकेतक प्रस्तुत करती हैं जो केमाशिबो के पाठ्यक्रम और एनसीईआरटी के अधिगम प्रतिफलों से जुड़े होते हैं**। ये वैज्ञानिक सोच को पोषित करने की दृष्टि से जिज्ञासा, वस्तुनिष्ठता, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए शैक्षणिक प्रक्रियाओं और मूल्यांकन रणनीतियों के प्रतिदर्शों की रूपरेखा तैयार करते हैं। **पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यह अधिगम रुपरेखा शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन सिद्ध होगी।** इसके माध्यम से केमाशिबो विद्यालयों में मानकों की गुणवत्ता में एकरूपता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की दिशा में प्रयास किया गया है।

केमाशिबो का उद्देश्य शिक्षकों को इन अधिगम रूपरेखाओं की ओर उन्मुख करना है और संरचना में सुधार के लिए उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया भी एकत्र करना है जो बाद में विद्यालयों और शिक्षकों द्वारा उपयोग किया जाएगा। इसके लिए, बोर्ड सभी केमाशिबो विद्यालयों में ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के शिक्षकों के लिए एक विचार-विमर्श वेबिनार आयोजित करेगा। इस विचार-विमर्श वेबिनार के अभीष्ट उद्देश्य हैं-

- अधिगम रुपरेखा (कक्षा XI-XII) का प्रचार-प्रसार;
- इन रूपरेखाओं की आवश्यकता और उद्देश्यों की व्याख्या करना;
- रूपरेखाओं के विभिन्न पहलुओं से शिक्षकों को परिचित कराना;
- शिक्षकों (प्रधानाचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों और विषय-शिक्षकों) से सकारात्मक प्रतिक्रिया एकत्रित करना
- शिक्षकों की अधिगम रूपरेखाओं से सम्बंधित समस्याओं का निवारण करना।

**यह कार्यक्रम एक ऑनलाइन वेबिनार के रूप में निम्नलिखित विवरणानुसार आयोजित किया जाएगा**:

**दिनांक 17 फरवरी, 2023 को सायं 4:00-5:00 बजे तक**
**लिंक** :https://youtube.com/live/-TYTo_nKX9s?feature=share

सभी विद्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे संबंधित विषयों के अपने शिक्षकों को वेबिनार में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि ज्ञान-साझा करने के इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सके।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ. जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नीचे दर्शाए अनुसार निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रति:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16

2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा- 201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार,शास्त्री भवन, ए-विंग, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, 110001
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, न्यू दिल्ली-110001।
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस), एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़- 160017
8. निदेशक (परीक्षा और विद्यार्थी वृत्ति), मानव संसाधन विकास विभाग, गंगटोक, सिक्किम सरकार, सिक्किम-737101
9. माध्यमिक शिक्षा निदेशक, शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111।
10. निदेशक (शिक्षा), शिक्षा निदेशालय वीआईपी रोड, अंडमान और निकोबार द्वीप, पोर्ट ब्लेयर - 744103
11. शिक्षा निदेशक, एस.आई.ई., केमाशिबो प्रकोष्ठ, वीआईपी रोड, जंगली घाट, पी.ओ. 744103, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
12. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली।
13. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001।
14. निदेशक एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
15. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस परिपत्र को किसी भी क्षेत्र में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजने के अनुग्रह के साथ
16. सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सहायक सचिव / वरिष्ठ निजी सचिव / विश्लेषक, केमाशिबो
17. सभी प्रमुख/ प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
18. इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने की मांग के साथ प्रभारी आईटी इकाई
19. प्रभारी, पुस्तकालय
20. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), केमाशिबो
21. अध्यक्ष , केमाशिबो के उप सचिव
22. सचिव, केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
23. निदेशक (शैक्षणिक), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
24. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), केमाशिबो को वरिष्ठ निजी सचिव
25. परीक्षा नियंत्रक, केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
26. निदेशक (कौशल शिक्षा), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
27. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव

28. निदेशक (प्रशिक्षण), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
29. निदेशक (सीटीईटी), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
30. निदेशक (एडुसैट), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
31. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**